कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444

पत्रांक- 1511 /12-1 , कोटबंगला दिनांक 9 / 11 /2017

सेवा में,

वन संरक्षक,
भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड
मुनिकीरेती।

विषय :— <u>प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जामक—बयाणा से स्यावा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.318 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव सं0—FP/UK/ROAD/29432/2017 (लम्बाई 6.00 कि0मी0)</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयगत मोटर मार्ग सम्बन्धी वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर इस कार्यालय द्वारा भाग—II भर कर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है तथा प्रस्ताव की हार्ड कॉपी पूर्व में प्रयोक्ता एजेन्सी के माध्यम से आपके कार्यालय में प्रस्तुत की जा चुकी है। वर्तमान समय में प्रस्ताव पर प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके कारण प्रस्ताव प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पुनः ऑनलाइन किया गया है। आपके कार्यालय में प्रयोक्ता एजेन्सी के प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत होने पर प्रस्ताव की हार्ड कापी में सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख संकलित किये जायेगे। जिसके लिए उन्हें सूचित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि विषयगत प्रस्ताव को अपने स्तर से भाग—III से सम्बन्धित कार्यवाही करने के उपरान्त ऑनलाइन अग्रसारित करने की कृपा करेंगे।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपि :— जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :— अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी को इस आशय के साथ सूचनार्थ प्रेषित कि अपने किसी प्रतिनिधि को भागीरथी वृत्त कार्यालय मुनिकीरेती में भेज कर प्रस्ताव पर किये गये संशोधन को ठीक करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

प्रभागीय वनाधिकारी
उत्तरकाशी वन प्रभाग
उत्तरकाशी।